राजभाषा प्रभाग
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज-211004 (भारत)
Rajbhasha Prabhag
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj-211004 (India)

# कार्यवृत्त

**विषय : मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की दिनांक 30 जून,2022 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति व हिंदी सलाहकार समिति की वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही की संयुक्त बैठक दिनांक 30.06.2022 दोपहर 12.00 बजे, प्रो0 रमा शंकर वर्मा, निदेशक, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद की अध्यक्षता में संस्थान के सभागार में आयोजित की गई।

**उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 रमा शंकर वर्मा, निदेशक | - | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 नीरज त्यागी, | - | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो0 मनोज माधव गोरे, अधिष्ठाता (संकाय कल्याण) | - | सदस्य |
| 4. | प्रो0 गीतिका, अधिष्ठाता, (संसाधन जनन अंतर्राष्ट्रीय मामले) | - | सदस्य |
| 5. | प्रो0 ए. के. सिंह , अधिष्ठाता (शोध एवं परामर्श) | - | सदस्य |
| 6. | प्रो0 पाल्सन सैमुअल , अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) | - | सदस्य |
| 7. | प्रो0 अनिल कुमार सचान, अधिष्ठाता (योजना एवं विकास) | - | सदस्य |
| 8. | प्रो0 राजेन्द्र कुमार नगरिया, विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मकणिका एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 9. | प्रो0 धरमिंदर सिंह कुशवाहा, विभागाध्यक्ष, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 10. | प्रो0 कैलाश नाथ पांडेय, विभागाध्यक्ष, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 11. | प्रो0 प्रदीप कुमार मेहता, विभागाध्यक्ष, जानपद अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 12. | प्रो0 राजेश गुप्ता, विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 13. | डा0 अभिषेक कुमार, विभागाध्यक्ष, प्रयुक्त यांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 14. | डा0 शिराज आलम, विभागाध्यक्ष, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 15. | डा0 पी.के.दत्ता, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग | - | सदस्य |
| 16. | डा0 रवीन्द्र त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग | - | सदस्य |
| 17. | डा0 गोरख नाथ, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग | - | सदस्य |
| 18. | डा0 विष्णु अग्रवाल, जैव प्रौद्योगिकी विभाग | - | सदस्य |
| 19. | डा0 राकेश कुमार, प्रबंध अध्ययन विभाग | - | नामित सदस्य |
| 20. | डा0 सोनम अग्रवाल, भौगोलिक सूचना प्रकोष्ठ प्रणाली | - | नामित सदस्य |
| 21. | श्री विवेकानंद यादव,सहायक कुलसचिव, अधिष्ठाता(शैक्षिक) कार्यालय | - | नामित सदस्य |
| 22. | डा0 सर्वेश कुमार तिवारी, कुलसचिव | - | सदस्य |

राजेन्द्र कुमार नगरिया

Dhauhan 14/7/2022

गीतिका

सर्वेश

सोनम

अनिल सचान

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों के स्वागत उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्न महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1: दिनांक 30 मार्च , 2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :-**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 30 मार्च, 2022 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त अपेक्षित कार्रवाई के लिए समिति के समस्त सदस्यों के मध्य प्रसारित किया गया था। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई टिप्पणी अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**मद सं. 2: संस्थान की हिंदी के प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा :-**

- अध्यक्ष महोदय ने कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के बढते प्रयोग एवं हिन्दी पत्राचार की स्थिति पर विभिन्न कार्यालयों/विभागों में हो रही प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। जिन कार्यालयों में शत प्रतिशत अथवा 90% से अधिक कार्य हिन्दी में हो रहा है उनकी प्रशंसा की तथा जिन कार्यालयों में हिंदी के कार्य में पिछली तिमाही के सापेक्ष कुछ कमी आयी है उन्हें विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।
- हिन्दी पत्राचार को बढ़ाने के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि विभिन्न रिपोर्टों को भेजते समय सहपत्र/ अग्रसारण पत्र हिन्दी में तैयार किया जाए तथा रिपोर्टें उसके साथ संलग्नक के रूप में भेजी जाएं।
- अध्यक्ष महोदय ने पिछली तिमाही में संस्थान के 82% समेकित हिंदी पत्राचार पर सभी विभागाध्यक्ष/अधिष्ठातागण/अनुभाग अधिकारियों/प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान 'क' भाषी क्षेत्र में स्थित है तथा भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के आदेशानुसार हमें शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करना है।
- अध्यक्ष महोदय ने कहा कि संस्थान में राजभाषा संबंधी सभी प्रावधानों का अक्षरश: अनुपालन किया जाना चाहिए। आगामी तिमाही में सभी कार्यालयों और विभागों में पत्राचार के 100% लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करें।
- समीक्षा के दौरान समिति को अवगत कराया कि पिछली तिमाही के दौरान संस्थान में फाइलों पर 78% टिप्पणियां हिंदी में लिखी गईं जो कि राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित 75% लक्ष्य से अधिक है। अध्यक्ष महोदय ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा इसी प्रकार आगे भी प्रयास जारी रखने का आग्रह किया।
- बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जो कार्यालय/अनुभाग राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य नहीं हैं तथा उनके यहाँ से प्राप्त आंकड़े निर्धारित लक्ष्य से कम हैं, उन्हें आगामी बैठकों में आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया जाए।

**मद सं. 3: धारा 3(3) एवं नियम-5 पर विचार-विमर्श :-**

आंकड़ों की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष महोदय ने यह पाया कि सभी कार्यालयों/ विभागों द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) एवं नियम 5 का अनुपालन किया जा रहा है। इस बिन्दु पर आगे भी हमें बेहद सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है ताकि संस्थान में राजभाषा के प्रावधानों का समुचित अनुपालन होता रहे।

**मद सं. 4: हिंदी कार्यशाला का आयोजन :-**

वर्तमान तिमाही के दौरान रसायन विभाग ने दिनांक 31.05.2022 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जिसमें कुल 61 प्रतिभागी शामिल हुए। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि आगामी तिमाही (जुलाई से सितंबर 2022) के दौरान हिंदी कार्यशाला का आयोजन जानपद अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कराया जाए।

मद सं. 5 : अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय :-

अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि हिंदी पखवाड़े के दौरान विविध आयोजन जैसे हिंदी कार्यशालाएँ, हिंदी संगोष्ठियाँ, हिंदी प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की जाएँ।

इस प्रकार, अध्यक्ष महोदय एवं संस्थान के सभी गणमान्य सदस्यों के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

| | | |
|---|---|---|
| (सर्वेश कुमार तिवारी) | (विवेकानंद यादव) | (सोनम अग्रवाल) |
| (राकेश कुमार) | (विष्णु अग्रवाल ) | (गोरख नाथ) |
| (रवीद्र त्रिपाठी) | (पी. के. दत्ता) | (शिराज आलम) |
| (अभिषेक कुमार) | (राजेश गुप्ता) | (प्रदीप कुमार मेहता) |
| (कैलाश नाथ पांडेय) | (धरमेंदर सिंह कुशवाहा) | (राजेंद्र कुमार नगरिया) |
| (अनिल कुमार सचान) | (पॉल्सन सैमुअल) | (ए. के. सिंह) |
| (गीतिका) | (मनोज माधव गोरे) | (नीरज त्यागी) |

(रमा शंकर वर्मा)

Director
M.N.N.I.T. Allahabad
Prayagraj